मैनेजमेंट स्किल से सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं: सीएमडी

सिटी रिपोर्टर | रांची



आईआईएम रांची में शुक्रवार को 2023-25 सत्र के स्टूडेंट्स के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए छात्रों को कॉलेज के नियमों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद, आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने संस्थान से जुड़े नए स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि मैनेजमेंट स्किल के माध्यम से आप अपने आसपास सकारात्मक बदलाव ला सकेंगे। प्रबंधन शिक्षा से नया दृष्टिकोण मिलेगा, जिससे नए संभावना की तलाश करने की इच्छा जागृत होगी। वहीं, संस्थान के डायरेक्टर दीपक श्रीवास्तव ने छात्रों को खुश रहने, प्रयोगात्मक और तार्किक रहने की सलाह दी। पिछले कुछ महीनों में संस्थान द्वारा की गई पहल के बारे में भी बताया। आईआईएम रांची में इस सत्र में एमबीए संकाय में 239 स्टूडेंट्स, एमबीए एचआर में 68, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स में 59 स्टूडेंट्स और पीएचडी से चार स्टूडेंट्स शामिल हैं।

Dainik Bhaskar_24.06.2023_Pg. 06